पत्र समूह संस्थापक : स्व. श्री रामगोपाल माहेश्वरी

नवभारत

1934 से

www.enavabharat.com ■ पुणे, बुधवार 7 मार्च, 2018 ■ पृष्ठ : 14 ■ मूल्य : ₹ 5.00 ■ चैत्र कृष्ण 6

आधुनिकीकरण के लिए 'सीएसआर' अहम

ससून में 'पचन संस्था विकार निदान व उपचार' केंद्र का उद्घाटन

पुणे, सं. ससून जैसे सरकारी अस्पताल में गरीब मरीजों को आधुनिक उपचार उपलब्ध हो, इसलिए सरकार द्वारा दी गई निधि के साथ सामाजिक और उद्योग संस्थान के 'सिएसआर' की भूमिका महत्त्वपूर्ण है. मुकुल माधव फाउंडेशन जैसी संस्थान को आगे बढ़कर ससून की स्वास्थ्य सुविधाए सक्षम बनाने की जरूरत है, यह मत विभागीय आयुक्त चंद्रकांत दलवी ने व्यक्त किया. फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज के सीएआर भागीदार रहे मुकुल माधव फाउंडेशन की ओर से 1 करोड़ का खर्चा करके बनाए गए 'पचन संस्था विकार निदान व उपचार केंद्र' (एन्डोस्कोपी युनिट) और मरीजों के रिश्तेदारों के लिए सुविधाजनक 'प्रतीक्षा कक्ष' का उद्घाटन व लोकार्पण चंद्रकांत दलवी के हाथों किया गया. मोहिनी व प्रल्हाद छाब्रिया की स्मृति में यह केंद्र व प्रतिक्षा कक्ष बनाया गया है. इस समय वे बोल रहें थे.

दलवी ने कहा कि, मुकुल माधव फाउंडेशन की ओर से बनाए गए इस 'एन्डोस्कोपी युनिट' की वजह से कई जरूरतमंद मरिजों पर कम दाम में उपचार करना संभव हो गया है. ससून के अधिष्ठाता डॉ. अजय चंदनवाले के प्रयास से पिछले कई सालों से ससून अधिकाधिक लोकाभिमुख हो रहा है. कई संस्था ससून को आर्थिक सहाय कर रहीं है.

■ सरकारी अस्पताल से जरूरतमंद मरीजों को अधिक लाभ मिले इसके लिए ससून का आधुनिकीरण जरूरी है. मुकुल माधव फाउंडेशन जैसे पुणे और अन्य कंपनियां, संस्थाओं को इसके लिए आगे बढ़ाना चाहिए.

■ ससून के अधिष्ठाता डॉ. अजय चंदनवाले ने कहा कि, एन्डोस्कोपी केंद्र में एंडोस्कोपिक रिट्रोग्रेट कोलनजीओ पैनक्रिटोग्राफी (ईआरसीपी) नामक आधुनिक मशीन लगाई गई है. इस मशीन के माध्यम से स्टोन, ट्यूमर की वजह से होनेवाले ब्लॉकेज की जांच हो सकेगी. मुकुल माधव फाउंडेशन की संचालिका रितू छाब्रिया ने कहा कि, आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को भी एन्डोस्कोपी उपचार मिले सके, इस उद्देश से फाउंडेशन की ओर से इस केंद्र का आधुनिकीकरण किया गया है.

UCHIT Media : 9767789529